संख्या- 22 /2016/586/61-2016-132/1-2012(निर्वा0-1)

प्रेषक,

अनिल गर्ग,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

निर्वाचन अनुभाग लखनऊ: दिनांक 21 जुलाई, 2016

विषय: **मुख्य निर्वाचन अधिकारी, कार्यालय, जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, रिटर्निंग आफिसर/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में पदों के सृजन के संबंध में।**

महोदय

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय नियुक्ति की तिथि से दिनांक 28.02.2017 तक की अवधि हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, रिटर्निंग आफिसर/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कर्यालय तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में संलग्न विवरण के अनुसार कुल 1426 विभिन्न श्रेणी के अस्थायी पदो के सृजन की स्वीकृति, जिनके भर्ती का स्रोत संलग्नक के कालम-7 में उल्लिखित है, इस शर्त के अधीन प्रदान करते हैं कि यह सभी पद किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किये जा सकते है।

2- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/रिटर्निंग आफिसर कार्यालयों में सृजित किये जाने वाले कम्प्यूटर सहायक के पदों की कुल संख्या-806 से अधिक नही होगी एवं पूर्व में विभिन्न प्रस्तावों के माध्यम से आउटसोर्सिंग अथवा अन्य किसी प्रकार से सृजित समस्त पद उक्त पदों में समाहित माने जायेंगे, अर्थात कम्प्यूटर सहायक के कुल पदों की संख्या 806 से अधिक नही होगी।

3- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/रिटर्निंग आफिसर कार्यालयों में उप/नायब तहसीलदार के सृजित किये जाने वाले 403 पदों पर कोई नई नियुक्ति नहीं की जायेगी, बल्कि वहां पर पूर्व से कार्यरत उप/नायब तहसीलदार की पदेन नियुक्ति होगी।

4- उक्त पदो के सापेक्ष सीधी भर्ती/पदोन्नति के माध्यम से नियुक्त पद धारकों को शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत आदेशों के अनुसार महंगाई एवं अन्य भत्ते जो भी अनुमन्य होंगे, देय होंगे। सरप्लस स्टाफ/आउटसोर्सिंग/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण एवं संविदा के आधार पर भरे जाने वाले पदों के सम्बन्ध में शासन/विभाग द्वारा निर्धारित शर्तो/प्रक्रियानुसार वेतन आदि के सम्बन्ध में निर्णय लिया जायेगा।

5- उक्त पदों पर आने वाले वित्तीय व्ययभार का 50 प्रतिशत अंश राज्य सरकार तथा शेष 50 प्रतिशत अंश केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

-/2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

6- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-2017 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-41 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक "2015-निर्वाचन-आयोजनेत्तर-103-निर्वाचक नामावली तैयार करना और मुद्रण-03-विधान सभा एवं संसद की सुसंगत इकाइयों" के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-822/दस-2016 दिनांक 18.7.2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय

(अनिल गर्ग)
सचिव।

संख्या- 22/2016/586(1)/61-2016-132/1-2012(निर्वा0-1) तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- महालेखाकार (प्रथम), उ0प्र0, इलाहाबाद
2- प्रधान सचिव, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली।
3- प्रमुख सचिव, नियुक्ति/वित्त विभाग/राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4- समस्त जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5- समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी/सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0।
6- समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (वेतन-आयोग) अनुभाग-1 व 2.
8- संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
9- बजट सहायक, कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एस0पी0 उपाध्याय)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या- 22/2016/586/61-2016 दिनांक 21 जुलाई, 2016 का संलग्नक

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के पदों का विवरण

क्र0 सं0	पदनाम	भारत निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार कुल पदों की संख्या	आयोग के मानक के सापेक्ष प्रथम चरण में स्वीकृति हेतु प्रस्तावित पदों की संख्या	वेतनमान		भर्ती का स्रोत
				वेतन बैण्ड	ग्रेड वेतन	
1	2	3	4	5	6	7
1	अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं विशेष सचिव, निर्वाचन	2	1			आई0ए0एस0 सवर्ग
2	संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं पदेन संयुक्त सचिव	2	1	37400-67000	8700	01 पद पी0सी0एस0 संवर्ग एवं 01 पद अन्य सेवा संवर्ग।
3	सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं पदेन अनु सचिव	4	1	15600-39100	6600	विभागीय पदोन्नति द्वारा
4	वित्तीय सलाहाकार/वित्त नियंत्रक	1	1	37400-67000	8900	वित्त एवं लेखा सेवा संवर्ग
5	अनुभाग अधिकारी	16	4	15600-39100	5400	विभागीय पदोन्नति द्वारा
6	निजी सचिव, श्रेणी-2	1	1	15600-39100	6600	विभागीय पदोन्नति द्वारा
7	अपर निजी सचिव/आशुलिपिक	6	5	9300-34800	4800	केवल सरप्लस स्टाफ से
8	समीक्षा अधिकारी (भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सहायक के पद स्वीकृत किये जाने की संस्तुति की गयी है)	32	3	9300-34800	4800	50 प्रतिशत पद लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा एवं 50 प्रतिशत पद विभागीय पदोन्नति द्वारा
9	डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (कम्प्यूटर असिस्टेंट)	32	5	5200-20200	2400	80 प्रतिशत पद लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा एवं 20 प्रतिशत पद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति द्वारा
10	वित्त एवं लेखाधिकारी	1	1	15600-39100	5400	सहायक लेखाधिकारी के पद को परिवर्तित करते हुए वित्त विभाग से प्रतिनियुक्ति पर
11	विधि अधिकारी	1	1			संविदा पर
12	सांख्यकीय अधिकारी	1	1	15600-39100	5400	प्रतिनियुक्ति पर
13	प्रोग्रामर	4	1	15600-39100	5400	प्रतिनियुक्ति/आउट सोर्सिंग
14	अनुवादक (अंग्रेजी से हिन्दी)	1	1			संविदा पर
15	अनुवादक (हिन्दी से अंग्रेजी)	1	1			संविदा पर
16	लेखाकार	1	1	9300-34800	4200	प्रतिनियुक्ति/ स्थानान्तरण
17	सहायक लेखाकार	1	1	5200-20200	2800	प्रतिनियुक्ति/ स्थानान्तरण

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

18	अनुसेवक	**32**	**18**			सरप्लस स्टाफ/आउटसोर्सिंग के माध्यम से
19	चौकीदार	**4**	**4**			सरप्लस स्टाफ/आउटसोर्सिंग के माध्यम से
कुल योग		**228**	**52**			

<u>जिला निर्वाचन कार्यालयों में पदों का विवरण</u>

क्र0 सं0	**पदनाम**	**भारत निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार कुल पदों की संख्या**	**आयोग के मानक के सापेक्ष प्रथम चरण में स्वीकृति हेतु प्रस्तावित पदों की संख्या**	**वेतनमान**		**भर्ती का स्रोत**
				वेतन बैण्ड	**ग्रेड वेतन**	
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
1	प्रधान सहायक	**75**	**75**	**9300-34800**	**4200**	शत-प्रतिशत पद विभागीय पदोन्नति द्वारा
2	कम्प्यूटर सहायक	**150**	**75**			आउट सोर्सिंग के माध्यम से
3	चपरासी	**150**	**15**			सरप्लस /आउट सोर्सिंग के माध्यम से
कुल योग		**375**	**165**			

<u>निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी /रिटर्निंग आफीसर कार्यालयों में पदों का विवरण</u>

क्र0 सं0	**पदनाम**	**भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संस्तुत पदों की संख्या**	**आयोग के मानक के सापेक्ष प्रथम चरण में स्वीकृति हेतु प्रस्तावित पदों की संख्या**	**वेतनमान**		**भर्ती का स्रोत**
				वेतन बैण्ड	**ग्रेड वेतन**	
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
1	उप/नायब तहसीलदार	**403**	**403**			प्रति विधान सभा में एक नायब तहसीलदार की पदेन नियुक्ति होगी
2	कम्प्यूटर सहायक	**806**	**806**			आउट सोर्सिंग द्वारा भरे जायेंगे।
	कुल योग	**1209**	**1209**			

(एस0पी0 उपाध्याय)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in